प्रधानमंत्री ने अमेरिका की दिग्गज कंपनियों के सीईओ से बात की, तमाम कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक

5जी-सौर ऊर्जा पर मोदी से मांगा साथ

वाशिंगटन | एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिका में विभिन्न क्षेत्रों की पांच दिग्गज कंपनियों के सीईओ के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने 5जी, सौर ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ड्रोन तकनीक और रक्षाक्षेत्र में सहयोग पर बात की। तमाम कंपनियां भारत में निवेश करना चाहती हैं, इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का साथ मांगा तो वहीं, प्रधानमंत्री ने साथ काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

प्रधानमंत्री ने सभी सीईओ से अलग अलग मुलाकात की। शुरुआत उन्होंने प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी क्वालकॉम के अध्यक्ष तथा सीईओ क्रिस्टिआनो ई आमोन के साथ बातचीत के साथ की। प्रधानमंत्री ने भारत में उपलब्ध असीम अवसरों के बारे में उन्हें बताया। आमोन ने कहा कि वह 5जी और डिजिटल इंडिया से जुड़ी अन्य योजनाओं में भारत संग काम करने को लेकर उत्सुक हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिन्दम बागची ने कहा कि दोनों ने हाल में घोषित इलेक्ट्रॉनिक्स दूरसंचार विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं पर चर्चा की। भारत 5जी प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ा रहा है और सुरक्षित व्यवस्था चाहता है। यह कंपनी सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर बनाने के साथ वायरलेस प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाएं देती है और बड़ा निवेश करना चाह रही।

प्रधानमंत्री ने सोलर पैनल के जाने माने विनिर्माता फर्स्ट सोलर के प्रमुख मार्क विडमर के साथ बातचीत में 'एक दुनिया, एक सूर्य और एक ग्रिड' पहल और इसकी संभावना के बारे में बताया। विडमर ने अनूठी थिन-फिल्म तकनीक के साथ सौर बिजली उपकरण विनिर्माण को लेकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को वैश्विक आपूर्ति शृंखला से जोड़ने की योजना साझा की। जनरल एटॉमिक्स के सीईओ और भारतीय-अमेरिकी विवेक लाल से मुलाकात में ड्रोन व रक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र को मजबूती देने पर चर्चा हुई। एडोब के सीईओ शांतनु नारायण ने भारत को कृत्रिम मेधा के उत्कृष्ट केंद्र बनाने पर जोर दिया।

भारत सरकार को सराहा

ब्लैक स्टोन के सीईओ स्टीफन ए श्वार्जमैन ने मुलाकात के बाद कहा कि भारत सरकार इस समय विदेशी निवेशकों के लिए बहुत अनुकूल है। जो लोग रोजगार पैदा करने के लिए भारत में पूंजी लगाना चाहते हैं, उनके सहयोग के लिए भारत सरकार को उच्च ग्रेड मिलना चाहिए।

गर्मजोशी से स्वागत

वाशिंगटन पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके आने की खुशी में हवाईअड्डे पर 100 से ज्यादा भारतीय समुदाय के लोग पहुंचे थे। बारिश के बावजूद भारतीय-अमेरिकी उनके इंतजार में खड़े रहे। मोदी ने गाड़ी रुकवाकर इन लोगों से मुलाकात की।

> ब्योरा पेज 16

@1.30 बजे रात प्रधानमंत्री ने की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात

भारतीय समयानुसार

वाशिंगटन डीसी में गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत करतीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस। एपी

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और पारस्परिक-वैश्विक हित के मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात है। मोदी ने कमला हैरिस को भारत आने का न्योता भी दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका भारत का प्राकृतिक साझीदार रहा है। हैरिस ने भारत को अमेरिका का 'बहुत महत्वपूर्ण भागीदार' बताया।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के साथ भी चर्चा की

सीईओ के साथ बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन से भेंट की। इस दौरान हिंद प्रशांत क्षेत्र समेत कई मसलों पर चर्चा हुई।